उत्तराखंड से राज्यसभा की एक सीट के लिए नामांकन करने के बाद नरेश बंसल।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी ने शहीद स्मारक पर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**संवाददाता** देहरादून। कचहरी स्थित शहीद स्मारक को तोड़े जाने की चर्चाओं के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से दो मिनट वार्ता करने की मांग की। मुख्यमंत्री व राज्य सभा प्रत्याशी नरेश बंसल व अन्य भाजपाई शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे तो दल की महिला प्रकोष्ठ की केन्द्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता प्रमिला रावत, लताफत हुसैन, किरन रावत कश्यप, सुनील ध्यानी, विजय कुमार बौडाई सहित अन्य कार्यकर्ता शहीद स्मारक में मौजूद थे और वहां पर उन्होंने शहीद स्मारक को तोड़े जाने की चर्चाओं पर अपना विरोध दर्ज किया।

### लच्छीवाला टोल टैक्स बैरियर नहीं हटाया गया तो होगा विरोध

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के नव नियुक्त विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल ने ऐलान किया कि यदि लच्छीवाला टोल टैक्स बैरियर नहीं हटाया गया तो उत्तराखंड क्रांति दल इसका विरोध करेगा। यहां कचहरी रोड स्थित दल के केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों स बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देहरादून के लच्छीवाला में जिस स्थान पर टोल टैक्स का बैरियर बनाया जा रहा है लच्छीवाला टोल टैक्स बैरियर का दल विरोध करेगा।

### प्रदेश सरकार केवल घोषणाएं करती है अमल नही

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में भाजपानीत प्रदेश सरकार बड़ी बड़ी केवल घोषणाएं करती है अमल नही करती। प्रदेश सरकार के काल मे मोहकमपुर और दिव्य विहार मिंया वाला देहरादून सतपाल महाराज की नर्सरी से लगता हुआ एक पुल का निर्माण साढ़े तीन साल से चला आ रहा है जो पूरा नहीं हो पाया है और इस मामले में ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग डीविजनल व सर्किल अधिकारियों से की।

### डॉक्टर डी एम काला को कोरोना वॉरियर्स के सम्मान से किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक संगठन के चेयरमैन सचिन जैन द्वारा ईएनटी सर्जन डॉक्टर डी एम काला को कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कोरोना वॉरियर्स के सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन ने उनके बारे में जानकारी देते हुए बताया की डॉक्टर डी एम काला उत्तराखंड एवं आसपास के राज्यों में ई इन टी सर्जन के रूप में जाना पहचाना नाम है।

# उत्तराखण्ड वन विभाग मुख्यालय में ई–ऑफिस कार्यप्रणाली का शुभारम्भ

**घोषणा**

■ चमोली एवं पिथौरागढ़ में भालुओं के लिए एक–एक रेस्क्यू सेंटर बनाया जायेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राजपुर रोड स्थित उत्तराखण्ड वन विभाग मुख्यालय में ई–ऑफिस कार्यप्रणाली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि चमोली एवं पिथौरागढ़ में भालुओं के लिए एक–एक रेस्क्यू सेंटर बनाया जायेगा। बंदरों के लिए चार रेस्क्यू सेंटर बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। झाझरा में 'आनंद वन' सिटी फॉरेस्ट को विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री ने श्रीमती साधना जयराज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ई–ऑफिस प्रणाली को जल्द ही जिला एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में भी विस्तारित किया जाय। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यों में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल इंडिया की जो शुरूआत की उसके बेहतर परिणाम आज सबके सम्मुख हैं। राज्य में ई–कैबिनेट की शुरूआत की गई। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण को ई–विधानसभा बनाया जा रहा है। 37 ऑफिस, ई–ऑफिस प्रणाली से जुड़ चुके हैं। डिजिटल कार्यप्रणाली की ओर हम जितने तेजी से बढ़ेंगे, उतनी तेजी से जन समस्याओं का निदान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष हरेला पर्व पर एक करोड़ फलदार वृक्ष लगाये जायेंगे। इसके लिए वन विभाग द्वारा अभी से तैयारियां शुरू की जाय। ये फलदार वृक्ष जंगलों में भी लगाये जायेंगे, जिससे जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों में कम आयेंगे। जंगली जानवरों को आहार की उपलब्धता जंगलों में पूरी हो सके। राज्य में पिरूल पर जो कार्य हो रहा है, इसे और विस्तार देने की जरूरत है। पिरूल एकत्रीकरण पर राज्य सरकार द्वारा 02 रूपये प्रति किग्रा एवं विकासकर्ता द्वारा 1.5 रूपये प्रति किग्रा एकत्रकर्ता को दिया जा रहा है। इसका उपयोग ऊर्जा के लिए तो किया ही जायेगा, लेकिन इसका सबसे फायदा वन विभाग को होगा। वनाग्नि और जंगली जानवरों की क्षति को रोकने में यह नीति बहुत कारगर साबित होगी। स्थानीय स्तर पर गरीबों के लिए स्वरोजगार के लिए पिरूल एकत्रीकरण का कार्य एक अच्छा माध्यम बन रहा है।

मुख्य वन संरक्षक श्री जयराज ने कहा कि ई–ऑफिस प्रणाली गुड–गवर्नेंस की दिशा में एक अच्छी पहल है। वन विभाग द्वारा इस प्रणाली को जिला, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं वन पंचायतों तक विस्तारित किया जायेगा। कॉर्बेट नेशनल पार्क में ऑनलाईन बुकिंग शुरू की गई है, जिसके अच्छे परिणाम मिले हैं। वन विभाग द्वारा रिजॉर्ट्स में भी ऑनलाईन बुकिंग की प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर वन विभाग के सलाहकार ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस.नेगी, अध्यक्ष वन पंचायत सलाहकार समिति श्री वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, पीसीसीएफ श्रीमती रंजना काला, श्री विनोद कुमार सिंघल, मुख्य वन संरक्षक आईटी श्री नरेश कुमार एवं वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### अन्य विभागों को भी ई–ऑफिस प्रणाली से जोड़ने के लिए कार्यवाही गतिमान

मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार रविन्द्र दत्त ने कहा कि ई–ऑफिस प्रणाली से फाइलों की ट्रेकिंग में आसानी के साथ ही लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। सचिवालय के 37 ऑफिस, देहरादून एवं ऊधमसिंह नगर के कलक्ट्रेट, शहरी विकास विभाग एवं वन विभाग,उत्तराखण्ड इस प्रणाली से जुड़ चुके हैं। अन्य विभागों को भी ई–ऑफिस प्रणाली से जोड़ने के लिए कार्यवाही गतिमान है।

# राज्यसभा सीट के लिए नरेश बंसल ने भरा नामांकन

**नामांकन**

■चार सेट में नामजमदगी का पर्चा दाखिल किया

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड से राज्यसभा की एक सीट के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी नरेश बंसल ने नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को चार सेट में नामजमदगी का पर्चा दाखिल किया। प्रदेश में बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष का जिम्मा संभाल रहे बंसल को बीते रोज ही पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मदन कौशिक, अरविंद पांडेय, राज्य मंत्री धन सिंह रावत समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र भरा। 70 सदस्यीय राज्य विध ाानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 57 है। इसे देखते हुए पार्टी प्रत्याशी की जीत तय है। राज्यसभा की यह सीट 25 नवंबर को खाली होने जा रही है। वर्तमान में यह कांग्रेस के पास है और राज बब्बर इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस सीट के लिए चुनाव की प्रक्रिया 20 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने के साथ प्रारंभ हुई।



लंबे इंतजार के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बीते रोज अपने प्रत्याशी के रूप में नरेश बंसल के नाम की घोषणा की। भाजपा प्रत्याशी मंगलवार को दोपहर बाद एक बजकर 45 मिनट पर नामांकन सेट दाखिल करने विधानसभा स्थित कक्ष संख्या 303 में बनाए गए कक्ष में पहुंचे। उन्होंने एक बजकर 50 मिनट पर पहला नामांकन सेट दाखिल किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल आदि मौजूद थे। वहीं, राज्यसभा सदस्य के लिए नामांकन से पहले नरेश बंसल ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया।

### कांग्रेस और बीजेपी एक ही सिक्के के दो पहलू: आप

**संवाददाता** देहरादून । आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द प्रदेश ने एक बयान जारी कर कहां की भाजपा केवल मुखौटा है जबकि असली सत्ता का केंद्र संघ है। उन्होंने कहा की उत्तराखंड भाजपा की राजनीति में संघ का दखल समय–समय पर देखने को मिलता रहा है। उसमें चाहे विधानसभा चुनाव में टिकट को लेकर हो या मुख्यमंत्री का चयन हो या फिर राज्यसभा सांसद में प्रत्याशी घोषित करने को लेकर हो या किसी भी चुनाव में टिकट वितरण को लेकर हो ऐसा देखा गया है कि भाजपा संघ के दबाव में आकर सदैव कमजोर निर्णय लेती रही है । यह उत्तराखंड प्रदेश का दुर्भाग्य है कि जहां संघ एक ओर यह कहता है कि सत्ता का केंद्र वह नहीं बल्कि भाजपा है और वह किसी राजनीतिक पार्टी में दखल नहीं करता जबकि इसके विपरीत जब जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता मे आई है तब तब प्रमुखता से संघ का दबदबा एवं हस्तक्षेप सदैव देखने को मिला है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।